दैनिक भास्कर

01-Nov-2019
पटना Page 6

रेरा ने बढ़ाई तारीख

संविदा पर बहाली के लिए अब आठ नवंबर तक होगा आवेदन

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने संविदा पर बहाल होने वाले कर्मियों के आवेदन की तारीख ८ नवंबर तक बढ़ा दी है। आवेदन की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य में बाढ़, बारिश और पटना में जलजमाव के कारण आवेदन की तारीख बढ़ाई गई है। रेरा में फाइनांस, आर्किटेक्ट और मीडिया कंसल्टेंट के एक-एक पदों पर बहाली होनी है। वहीं लॉ ग्रेजुएट के लिए भी रेरा की ओर से एक इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है। इनके लिए भी आवेदन की तारीख बढ़ाई गई है। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 14 अक्टूबर निर्धारित की गई थी। रेरा के अध्यक्ष अफजल अमानुल्लाह ने बताया कि पिछले महीने के अंत और इस महीने के शुरू में भारी बारिश और जलजमाव के कारण आवेदकों को हुई परेशानी के बाद हय निर्णय लिया है। हालांकि जिन आवेदकों ने पहले आवेदन कर दिया है, उनको दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी।